स्मार्ट ग्राम पंचायत

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार के बेगुसराय ज़िले के पपरौर ग्राम पंचायत में **'स्मार्ट ग्राम पंचायत: ग्राम पंचायत के डिजिटिलीकरण की दिशा में क्रांति' परियोजना का उद्घाटन किया गया।**

मुख्य बिंदु:

- इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण कनेक्टिविटी में एक आदर्श बदलाव को चिह्नित करते हुए, बेगुसराय में ग्राम पंचायतों तक पीएम-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) सेवा का विस्तार करना है। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की कनेक्टिविटी में एक आदर्श परिवर्तन के साथ बेगुसराय की सभी ग्राम पंचायतों तक **PM-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) सेवा पहुँचाना है।**
- इसे संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) के तहत वित्त पोषित किया गया है। इसका कार्यान्वन पंचायती राज मंत्रालय द्वारा किया गया।
- इस परियोजना का लक्ष्य बिहार में बेगुसराय और रोहतास ज़िलों की 37 ब्लॉकों में 455 ग्राम पंचायतों को वाई-फाई सेवा पहुँचाना है।
- स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में ऑनलाइन सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ज़ोर दिया गया है।
- छात्र, किसान, कारीगर और **महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG)** को इस पहल से लाभ प्राप्त होगा।

पीएम-वाणी (PM-WANI)

- दूरसंचार विभाग (DoT) द्वारा दिसंबर 2020 में प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM WANI) योजना शुरू की गई।
- यह पूरे देश में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक मज़बूत डिजिटल संचार अवसंरचना स्थापित करने के लिये सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट तक पहुँच में वृद्धि के उद्देश्य से शुरू की गई एक प्रमुख योजना है।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA)

- RGSA पंचायती राज मंत्रालय की एक योजना है, जिसे वर्ष 2018 में शुरू किया गया था।
- बाद में इसे नया रूप दिया गया और पंचायती राज संस्थानों (PRI) के निर्वाचित प्रतिनिधियों (ER) की क्षमता निर्माण के लिये RGSA की केंद्र प्रायोजित योजना को वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 तक कार्यान्वयन हेतु मंज़ूरी दे दी गई।
- संशोधित RGSA का प्राथमिक उद्देश्य **सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को पूरा करने के लिये पंचायतों की शासन क्षमताओं को विकसित करना है** जो पंचायतों के दायरे में आते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-gram-panchayat-1